बिहार सरकार

**<u>सहकारिता विभाग</u>**

## ।। अधिसूचना ।।

पटना, दिनांक 07/07/26

संख्या–8 / नि0को0(रा0)विविध–847 / 2024 3687 श्री शंभूसेन कुमार, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना–सह–राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई0सी0डी0पी0, बिहार, पटना के विरूद्ध निगरानी प्रशाखा, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना से निर्गत विभिन्न पत्रों जिसमें निगरानी एवं अधिप्राप्ति से संबंधित मामलों में मांगी गई प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध नहीं कराने, विभिन्न जिला सहकारिता पदाधिकारियों के विरूद्ध निबंधक कार्यालय (निगरानी) द्वारा विभाग को प्रेषित आरोप पत्र पर स्पष्टीकरण–सह–मंतव्य ससमय उपलब्ध नहीं कराने, विभिन्न समीक्षा बैठकों में दिये गये वरीय पदाधिकारियों के निदेश के बावजूद भी अनुपालन नहीं किये जाने एवं निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना में आरोप संबंधी संचिकाओं को लंबित रखने, आरोप पत्र गठित कर कारण पृच्छा किये जाने परन्तु इनका प्रतिउत्तर प्राप्त करने के लिए स्मारित नहीं किये जाने, निगरानी एवं पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण में कमी आदि आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक–1711 दिनांक–02.04.2026 द्वारा आरोप पत्र गठित कर बचाव का लिखित अभिकथन पूछा गया।

उक्त के आलोक में श्री कुमार द्वारा बचाव का लिखित अभिकथन विभाग को समर्पित किया गया।

श्री कुमार के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप एवं उनसे प्राप्त बचाव का लिखित अभिकथन की सम्यक समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री कुमार का स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः श्री शंभूसेन कुमार, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना–सह–राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई0सी0डी0पी0, बिहार, पटना को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम 19 में निहित प्रावधानों के तहत नियम 14 में उपबंधित निन्दन का शास्ति संसूचित किया जाता है। आरोप वर्ष 2024–25 है।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
**(कुमारी आरती)**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ........................................ / पटना, दिनांक ..............................
8 / नि॰को॰(रा॰)विविध–847 / 2024

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ........................................ / पटना, दिनांक ..............................
8 / नि॰को॰(रा॰)विविध–847 / 2024

प्रतिलिपि :–प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

ज्ञापांक ............................................/ पटना, दिनांक ...................................

8/नि॰को॰(रा॰)विविध–847/2024

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/मुख्य सचिव, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ............................................/ पटना, दिनांक ...................................

8/नि॰को॰(रा॰)विविध–847/2024

प्रतिलिपि :– श्री शंभूसेन कुमार, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना–सह–राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई0सी0डी0पी0, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ............................................/ पटना, दिनांक ...................................

8/नि॰को॰(रा॰)विविध–847/2024

प्रतिलिपि :– सरकार के सभी सचिव/विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ............................................/ पटना, दिनांक ...................................

8/नि॰को॰(रा॰)विविध–847/2024

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/सचिव के निजी सहायक, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/अपर सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/उप सचिव (प्रशाखा–1), सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा 01 एवं 08 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ............................................/ पटना, दिनांक ...................................

8/नि॰को॰(रा॰)विविध–847/2024

ई–मेल

प्रतिलिपि :– सभी संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ/सभी संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण), सहयोग समितियाँ/सभी उप निबंधक, सहयोग समितियाँ/सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी/सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ/सभी सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ....3687..../ पटना, दिनांक 07/07/26

8/नि॰को॰(रा॰)विविध–847/2024

प्रतिलिपि :– लोक सूचना पदाधिकारी, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/~~आई0टी0~~प्रबंधक, सहकारिता विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/07/26

विशेष कार्य पदाधिकारी।

F:\section-8\2025\Ved prakash\adhisuchna -sambhusen kumar.doc